# Rise Education ®

Hindi Medium

29 Jan 2026

Follow us on



Ashish Namdev
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

CAT | MAT | CLAT | SSC

BANK | RAILWAY | VYAPAM | CDS


Save this Number
7415334338
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : C-145, Sec 01, Behind City Center Mall, Near Axis Juice, Devendra Nagar, Raipur - 492004

Contact : 7415334338, 9165040534

## 29 जनवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है, क्योंकि आंध्रप्रदेश के काकीनाडा में विश्व की सबसे बड़ी ग्रीन अमोनिया परियोजना स्थापित की जा रही है। एएम ग्रीन द्वारा विकसित इस परियोजना में लगभग 10 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत को ग्रीन अमोनिया के वैश्विक निर्यातक के रूप में स्थापित करना, जलवायु लक्ष्यों को समर्थन देना ओर ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना हैं। आंध्रप्रदेश काकीनाडा में विश्व की सबसे बड़ी ग्रीन अमोनिया परियोजना की मेजबानी करेगा।
- भारत के श्रम बाजार में वर्ष 2025 के अंत में उत्साहनक रूझान देखने को मिले। नवीनतम मासिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2025 में महिला श्रम बल भागीदारी दर और कार्यबल भागीदारी दर वर्ष के अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि कुल बेरोजगारी दर मोटे तौर पर स्थिर बनी रही। यह आंकड़े दर्शाते है, कि निरंतर आर्थिक गतिविधियों के बीच विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार स्थितियों में धीरे धीरे सुधार हो रहा हैं। दिसंबर 2025 के लिए जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण मासिक बुलेटिन के अनुसार महिला श्रम बल भागीदारी दर ओर कार्यकर्ता जनसंख्या अनुपात वर्ष के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए है।
- भारत की ग्रोथ स्टोरी दुनिया भर का ध्यान खींच रही है। पिछले छह महीनों में देश में 51 बिलियन डॉलर फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट आया है, जो इसकी इकॉनामी में इन्वेस्टर्स के भरोसे को दिखाता हैं। यह तेजी सरकार के स्टार्टअप, इनोवेशन ओर मैन्युफैक्चरिंग पर लगातार जोर देने से जुड़ी है, जो भारत के आर्थिक और ओद्योगिक माहौल को तेजी से बदल रहे है। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के अनुसार भारत को पिछले छह महीनों में $51 बिलियन का FDI मिला है, जो स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के बीच मजबूत वैश्विक भरोसे को दिखाता है।
- विश्व आर्थिक मंच की वेश्विक जोखिम रिपोर्ट 2026 आने वाले दशक की एक चिंताजनक तस्वीर प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया एक प्रतिस्पर्धा के युग में प्रवेश कर रही है, जहां देशों के बीच प्रतिद्वद्विता केवल सैन्य क्षेत्र तक सीमित नही है बल्कि व्यापार प्रतिबंधों, प्रतिबंधात्मक नीतियों, प्रौद्योगिकी नियंत्रण ओर सूचना युद्ध के माध्यम से भी तेज हो रही हैं। इस बदलाव के कारण वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बन रहा है जहां झटके तेजी से फैलते है, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कठिन होता जा रहा है ओर समाज अस्थिरता के प्रति संवेदनशील हो रहे है।
- भारत ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल लिमिटेड ने महाराष्ट्र में एक अनोखी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना को पूरा किया हैं। यह 694 किलोमीटर लंबी मुंबई नागपुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन लगभग पूरी तरह एक एक्सप्रेसवे के किनारे मात्र 3 मीटर चौड़े कॉरिडोर में बिछाई गई हैं। यह देश की पहली ऐसी परियोजना है, जो यह दर्शाती हे कि एकीकृत योजना के तहत परिवहन कॉरिओर को उपयोगिता कॉरिडोर के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता हैं।
- भारत के डाक नेटवर्क ने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की हैं। पहली बार डाक विभाग ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के माध्यम से बुक किए गए एक ऑनलाइन ऑर्डर की सफल डिलीवरी की है। यह उपलब्धि पारंपरिक डाक सेवाओं से आगे बढ़कर भारत पोस्ट की भूमिका को दर्शाती है और भारत के डिजिटल कॉमर्स व लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को मजबूत करने में उसके बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है।
- भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में केरल ने चुपचाप एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली हैं। वर्ष 2025 में केरल ने प्रमुख ईवी राज्यों में व्यक्तिगत चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनो को अपनाने की सबसे ऊंची हिस्सेदारी दर्ज की। समय पर बनाई गई नीतियों, तेजी से बढ़ते चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर ओर मजबूत मध्यम वर्ग की भागीदारी के चलते केरल ने कई बड़े ओर अधिक औद्योगीकृत राज्यों को ईवी पैठ में पीछे छोड़ दिया हैं। 2025 में केरल ने शीर्ष ईवी बिक्री वाले राज्यों में व्यक्तिगत चार पहिया ईवी अपनाने की सबसे अधिक हिस्सेदारी दर्ज की।
- वर्ष 2026 वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होने वाला है। भारत ओर संयुक्त राज्य अमेरिका दो महत्वपूर्ण मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों की तैयारी कर रहे हैं। जहां भारत का गगनयान मिशन स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान प्रणालियों का परीक्षण करेगा, वही नासा का आर्टेमिश-II मिशन पांच दशको से अधिक समय बाद मनुष्यों को चंद्रमा से आगे ले जाएगा ओर भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों की दिशा तय करेगा।
- भारत और पाकिस्तान ने परमाणु सुरक्षा से संबंधित एक महत्वपूर्ण राजनयिक परंपरा को जारी रखा हैं। दोनो देशों ने अपने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों ओर सुविधाओं की सूची आधिकारिक राजनयिक चैनलों के माध्यम से आदान प्रदान की। यह कदम एक स्थापित विश्वास निर्माण तंत्र को दर्शाता हैं। जिसका उद्देश्य जोखिम को कम करना और दक्षिण एशिया में रणनीतिक स्थिरता बनाए रखना है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. राष्ट्रीय भौगोलिक दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 25 जनवरी (B) 26 जनवरी
(C) 27 जनवरी (D) 28 जनवरी

**(C)** हर साल 27 जनवरी को पूरे देश में भौगोलिक दिवस मनाया जाता हैं। यह नेशनल जियोग्राफिक मैगजीन को सम्मानित करने का दिन है, जो एक सदी से भी अधिक समय से लगातार प्रकाशित हो रही हैं। राष्ट्रीय जियोग्राफिक एक ऐसी चीज है जिसे हम हल्के में लेते हैं, यह देखते हुए आश्चर्य की बात नही है कि यह लगभग 100 वर्षो से भी अधिक समय से मौजूद हैं।




**2. हाल ही में नौवां अंतर्राष्ट्रीय मसाला सम्मेलन कोच्चि में कब आयोजित किया जाएगा?**

(A) 25 से 28 जनवरी 2026 (B) 5 से 9 फरवरी 2026
(C) 23 से 26 फरवरी 2026 (D) 1 से 4 मार्च 2026

**(C)** हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मसाला सम्मेलन का नौवां संस्करण 23 से 26 फरवरी 2026 तक कोच्चि में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन अखिल भारतीय मसाला निर्यातक मंच द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं। चार दिवसीय यह कार्यक्रम मसाला 360 भविष्य के लिए तैयार होना विषय पर आयोजित होगा। विश्व भर के नीति निर्माता, उद्योगपति, शोधकर्ता ओर नवप्रवर्तक विचार विमर्श में भाग लेंगे।



**3. हाल ही में भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 का आयोजन किस महीने में होगा ?**

(A) फरवरी 2026 (B) मार्च 2026
(C) मई 2026 (D) जून 2026

**(B)** भारत ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़े वेश्विक आयोजन की मेजबानी के लिए तैयार हें। भारत विद्युत शिखर सम्मेलन 2026 की घोषणा के साथ देश स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण लचीली बिजली प्रणालियों और वैश्विक सहयोग पर केंद्रित एक चार दिवसीय सम्मेलन सह प्रदर्शनी आयोजित करेगा। यह शिखर सम्मेलन ऊर्जा अभाव से ऊर्जा प्रचुरता की ओर भारत की यात्रा और वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में उसकी बढ़ती नेतृत्व भूमिका को दर्शाता है।




**4. हाल ही में किस बैंक ने वितीय प्रणाली में उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए शिकायत निवारण ढांचे में एक बड़ा सुधार घोषित किया है ?**

(A) RBI (B) SBI
(C) ICICI बैंक (D) HDFC बैंक

**(A)** भारतीय रिजर्व बैंक ने वितीय प्रणाली में उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए शिकायत निवारण ढांचे में एक बड़ा सुधार घोषित किया है। इसके तहत आरबीआई अब इंटीग्रेटेड ओम्बड्समैन स्कीम के अंतर्गत शिकायतों के निपटान के लिए एक केंद्रीकृत केंद्र स्थापित करेगा। यह नई व्यवस्था देशभर के उपभोक्ताओं के लिए तेज पारदर्शी ओर सुलभ शिकायत निवारण सुनिश्चित करेगा।




**5. हाल ही में बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 के गुडविल एंबेसडर बने कौन है ?**

(A) महेंद्र सिंह धोनी (B) विराट कोहली
(C) सचिन तेंदुलकर (D) रोहित शर्मा

**(A)** भारत वैश्विक पेशेवर साइक्लिंग के मंच पर एक ऐतिहासिक कदम रखने जा रहा है। पुणे ग्रैंड टूर 2026 के माध्यम से भारत पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रोफेशनल रोड साइक्लिंग रेस की मेजबानी करेगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन को और भी खास बनाते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान एम. एस. धोनी को इसका गुडविन एंबेसडर नियुक्त किया गया है।




Contact : 7415334338, 9165040534

6. **हाल ही में भारत के पहले संप्रभू एआई पार्क की स्थापना कहां की जाएगी ?**
(A) तेलंगाना (B) तमिलनाडु
(C) कर्नाटक (D) ओडिशा
**(B)** तमिलनाडु सरकार ने सर्वम एआई के साथ एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए है, जिसके तहत भारत का पहला फुल स्टैक सॉवरेन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पार्क स्थापित किया गया जाएगा। 10000 करोड़ के प्रारंभिक निवेश के साथ यह परियोजना देश की सबसे महत्वाकांक्षी राज्य प्रेरित एआई पहलो में से एक है, जिसका उद्देश्य विश्वसनीय ओर घरेलू रूप से नियंत्रित एआई सिस्टम का निर्माण करना है।




7. **हाल ही में व्यक्तिगत इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में कौन सबसे आगे रहा है ?**
(A) केरल (B) गुजरात
(C) महाराष्ट्र (D) राजस्थान
**(A)** हाल ही में भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में केरल ने चुपचाप एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वर्ष 2025 में केरल ने प्रमुख ईवी राज्यो में व्यक्तिगत चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनो को अपनाने की सबसे ऊंची हिस्सेदारी दर्ज की। समय पर बनाई गई नीतियों, तेजी से बढ़ते चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर ओर मजबूत मध्यम वर्ग की भागीदारी के चलते केरल ने कई बड़े और अधिक औद्योगीकृत राज्यो को ईवी पैठ में पीछे छोड दिया है।



8. **हाल ही में अमेरिका ने किस देश को पैक्स सिलिका में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है ?**
(A) रूस (B) इटली
(C) भारत (D) जापान
**(C)** हाल ही में भारत में अमेरिका के राजदूत सर्गियो गोर ने भारत को अमेरिका के नेतृत्व वाले रणनीतिक पहल, पैक्स सिलिका में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी मिनरल्स शामिल होगे। यह पहल सिलिकॉन उन्नत विनिर्माण ओर कृत्रिम बुद्धिमता से जुड़ी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित ओर सुदृढ़ बनाने पर केंद्रित है।



9. **हाल ही में वित वर्ष 2027 में भारत की नाममात्र जीडीपी वृद्धि बढ़कर कितने प्रतिशत होने की उम्मीद है ?**
(A) 3% (B) 5%
(C) 7% (D) 11%
**(D)** वित वर्ष 2027 में भारत की नाममात्र जीडीपी वृद्धि लगभग 11% तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.2% रहने की उम्मीद है। एसबीआई म्युचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार यह सुधार घरेलू ऋण आधारित उपभोग ओर निरंतर नीतिगत समर्थन के कारण होने की संभावना हैं।




10. **हाल ही में केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक निर्माण योजना के तहत कितनी नई परियोजनाओं को मंजूरी दी ?**
(A) 5 (B) 9
(C) 16 (D) 22
**(D)** इलेक्ट्रॉनिक्स घटक निर्माण योजना की तीसरी किश्त के तहत केंद्र सरकार ने 41,863 करोड़ रूपये के अनुमानित निवेश के साथ 22 नए प्रस्तावों को मंजूरी दी। मोबाइल निर्माण, दूरसंचार, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव ओर आईटी हार्डवेयर सहित ग्यारह लक्षित क्षेत्रो में विनिर्माण के लिए ये स्वीकृतियां दी गई। इन स्वीकृत परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 2.58 लाख करोड़ रूपये का उत्पादन होने की उम्मीद है।

